वर्ष- 22 अंक - 133 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026



सवा 4 करोड़ की घड़ी में राम, हनुमान और राम मंदिर

मंगलवार.एजेंसी। लग्जरी घड़ी बनाने वाली कंपनी जैकब एंड कंपनी ने एक खास घड़ी पेश की है, जिसमें भगवान राम, हनुमान और अयोध्या का राम मंदिर दिखाई दे रहा है। इस घड़ी की कीमत सवा 4 करोड़ रुपए है। कंपनी ने इस घड़ी के सिर्फ तीन पीस बनाए हैं।

शेयर बाजार में आज मंगल को भी अमंगल

मुंबई.एजेंसी। बीते कारोबारी दिन की तगड़ी उथल-पुथल के बाद आज मंगलवार को सेंसेक्स-निफ्टी ने फिर से निराश किया और गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स ओपनिंग के साथ ही 350 अंकों से ज्यादा का गोता लगा गया, तो वहीं निफ्टी इंडेक्स भी तेज गिरावट लेकर खुला। सबसे ज्यादा गिरावट में आईटी कंपनियों के शेयर नजर आए।

17 कैदी फरार

चेन्नई.एजेंसी। तमिलनाडु के थेनी जिले की सब-जेल से सोमवार देर रात पुलिसकर्मियों पर हमले के बाद 17 कैदी फरार हो गए। रात भर सर्च ऑपरेशन दौरान 4 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी 13 कैदियों को पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गई हैं।

आ गया तूफान

तेज हवा के साथ बारिश शुरू

50 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कई राज्यों में स्कूल बंद

मंगलवार ● एजेंसी

चक्रवात अर्नब अब बंगाल की खाड़ी में प्रचंड चक्रवाती तूफान बन गया है। आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इस तूफान के कारण अगले 36 घंटे खतरनाक होंगे। तूफान के कारण भारी बारिश हो सकती है। 5 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। 50 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कर दी गईं। कुछ राज्यों में स्कूल बंद कर दिए गए। लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। तूफान के कारण मध्यप्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में बारिश हो सकती है।

इमरान हाशमी के घर की भी होना थी रेकी

मुंबई.एजेंसी। अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की जांच में यह बात सामने आई है कि हमलावर अभिनेता इमरान हाशमी के घर की रेकी करने वाले थे लेकिन उन्हें घर नहीं मिला।

होटल में अंधाधुंध फायरिंग, 6 की मौत

गुवाहाटी.एजेंसी। असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित होटल बिलास इन में सोमवार रात अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। इस घटना के पीछे संपत्ति विवाद बताया जा रहा है।

पटरी पर मिली लाशें

मुंबईएजेंसी। मुंबई में रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों के शव मिले। मुंबई में कई लोकल ट्रेनें 10 घंटे तक तक फंसी रहीं और यात्रियों को ट्रैक पर चलना पड़ा। इसके बाद ट्रैक पर शव मिले।


ट्रंप के एक और दोस्त की अग्नि परीक्षा

इजराइल में प्रधानमंत्री पद के लिए आज वोटिंग


तेल अवीव ● एजेंसी



आज इजरायल में वोटिंग हो रही है और आज ही नतीजे आएंगे। इजरायल में वोटिंग के लिए लगभग 67 हजार से ज्यादा इजरायली दूसरे देशों से आए हैं। 7 अक्टूबर, 2023 को हुए हमास हमले और उसके बाद गाजा, लेबनान और ईरान में चली जंग के बाद यह पहला राष्ट्रीय चुनाव है। इस चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की राजनीतिक किस्मत दांव पर लगी है। इस बार चुनाव में बेंजामिन नेतन्याहू के सामने कई बड़े चेहरे मैदान में हैं। उनके सामने पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट जैसे प्रमुख विपक्षी नेता मजबूती से खड़े हैं। नेतन्याहू को ट्रंप का करीबी माना जाता है और ट्रंप ने इस चुनाव में नेतन्याहू का समर्थन किया है।









महामंत्री बनने के कई दिन बाद मिला नियुक्ति पत्र



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस के वार्ड 83 के कांग्रेस प्रत्याशी रहे विकास जोशी को एक महामंत्री के इस्तीफे के बाद महामंत्री शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने नियुक्त कर दिया था। बाद में महामंत्री ने ही इस्तीफा वापस ले लिया था, लेकिन तत्काल चिन्टू चौकसे ने कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता विकास जोशी को महामंत्री नियुक्त कर दिया गया था। घोषणा के कारण विकास जोशी को अतिरिक्त महामंत्री भोपाल से स्वीकृति लेकर नियुक्त किया गया। घोषणा पहले हो गई थी नियुक्ति पत्र अब दिया गया। चिन्टू चौकसे, शैलेष गर्ग, दीपू यादवष, अमन बजाज, संजय मालवीय मौजूद थे।

कांग्रेस ने महर्षि वाल्मीकिजी को याद किया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में कांग्रेसियों ने रामायण ग्रंथ के रचियता महर्षि वाल्मीकिजी की जयंती पर कल चित्र पूजन का आयोजन किया। चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, अमन बजाज, लोकेश हार्डिया, दिनेश मल्हार, अमन करोड़े, अभिषेक करोसिया सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपाइयों ने किया उद्योगपतियों और व्यापारियों से संवाद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर भाजपा ने कल लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ को लेकर व्यापारियों और उद्योगपतियों से संवाद किया। यह बैठक नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बुलवाई थी, जिसमें जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी की मौजूदगी में उद्योगपति व्यापारी, वैश्य समाजजन से संवाद किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने उद्बोधन भी दिए। मिश्रा ने बताया कि 30 अक्टूबर की सुबह 10 बजे सुभाष नगर चौराहा से एलआईजी चौराहा तक यह पदयात्रा रैली निकाली जाएगी। सारे एसोसिएशन के पदाधिकारी इस रैली में अपने बैनर लेकर शामिल होवे यह अपील भी की गई। राऊ विधानसभा में भी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम को लेकर बैठक जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई।

Sanjay Neema : 9977869691
Happy Diwali
SIDDHI LOGISTICS
Fleet Owners & Transport Contractors
Daily Service From Indore to Ahmedabad, Nadiad, Jamnagar, Rajkotm, Baroda & Ratlam, Hosangabad & all over M.P.
H.O. : 4, Sudarshan Appartment, Panchkuiya, Antim Chouraha INDORE (M.P.) 452002 Mob.: 94250-88094
email : siddhilogistics95@gmail.com
Booking BRANCHES
Lohamandi — 24, New Lohamandi, Near Parikh Transport, Mandi Gate, Indore - 452001 M : 9826041287, 9826911702
Ujjain — C/o, Himanshu Roadlines, Malwa Cotton Press, Ujjain (M.P.) Mob : 9302081856
Ahemdabad — BRTS Bus Stand Sarangpur Darwaja, Lokhand bazar Pryatna (Golu) 8460079000, 9998765461

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
मेक्फीन टेक्नोलॉजी
Digital Copier, Multifunction Machine, Printer, DR Scanner, Projector Spares & Consumable
Canon
Delighting You Always
Authorised Business Partner
दीपक साहू
9425912056, 9589055511
हेड ऑफिस : 106, पंचरतन अपार्टमेंट ई-ब्लाक मनोरमागंज, इंदौर
Email: mechfintechnology@gmail.com

शुभ दीपावली
अध्यक्ष : मनीष आर्य, सचिव : सईद आलम
इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन
9926268683

JAI GIRIRAJ
दीपोत्सव, श्री गोवर्धन पूजन अन्नकूट महोत्सव की बधाईयाँ
सरस्वती डेरी
शुद्ध खाईये, स्वस्थ रहिये
89/1, लोधीपुरा, इन्दौर फोन : 0731 2343536

जय बाबा री — जय बाबा री
Sangam SINCE 1972
शुभ दीपावली
संगम चाट कार्नर
संगम चाट हाऊस
बाबूचंद देवड़ा - 9977608338
देवड़ा मार्केट - 7, बड़ा सराफा, इन्दौर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
खत्री पैकेजिंग
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
खत्री पैकेजिंग
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
ज्वेलरी बॉक्स होलसेल रेट पर
925, सिल्वर ज्वेलरी, अंगूठी, पेंडल, ब्रेसलेट, चेन, तैयार मिलती है। राजकोटी बिछिया व लक्ष्मी गणेश 9999 होलो मूर्ति
25, श्री गंगा काम्पलेक्स, धानगली, इंदौर
मो.9977344746, 9589666667, 9300458887, 9614666663

KT
शुभदीपावली
करनावट ट्रेडर्स
पापड़, पापड़ कतरन, केर, सांगरी, सब्जी, संचोरा
सेंधा नमक, काला नमक एवं सभी प्रकार की टाटरी
विशाल जैन 9827381003, 9827012328
13, धानगली (बड़ा सराफा), इन्दौर - फोन : 0731-2531278

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
गजानन्द नेवैद्य प्रसाद
गुरुकृपा स्वीट्स
राधारानी फ्लॉवर डेकोरेशन
पंडित दिनेश तिवारी
पंडित दिनेश तिवारी, रविराज तिवारी, अर्पित तिवारी
9827014221 , 9770068899, 8878888897
391, महात्मा गांधी मार्ग, बड़ा गणपति के सामने, इन्दौर

INDORE JABALPUR ROADLINES
Happy Diwali
IJR
Gurumukh Sayata
Daily Service : Jabalpur, Katni, Satna, Rewa, Mandla, Raipur, Bilaspur Durg, Bhilai, Jagdalpur, Shahdol, Korba, Rajgarh, Rajnandgaon
1208, New Loha Mandi, Indore - 452001
Ph. : 4902744, 9893157971, 9893231544, 9993564351

सत्य शोधक समाज
का 153वें स्थापना वर्ष एवं
दीपोत्सव पर्व की सभी देशवासियो को हार्दिक शुभकामनाएँ
अला-बला जाए, बलि राजा का राज आए
हुकुमचंद जादम सेनी राष्ट्रीय प्रभारी
सदाशिव यादव काका प्रदेश अध्यक्ष
दीपक मलोरिया रानू प्रदेश संयोजक
अशोक नालिया जिला अध्यक्ष, इंदौर
राजेश पाल प्रदेश सचिव
डॉ. सरदारसिंह कायस्थ प्रदेश उपाध्यक्ष
सत्य शोधक समाज अन्तर्राष्ट्रीय दिल्ली

शुभदीपावली
डॉ. विधि जैन
7000058372
मे. सुमतिनाथ ट्रेडिंग कंपनी
प्रो. चंदू जैन
9826080120
पेपर मार्ट, दोना-पत्तल, डिस्पोजल पेपर आयटम
ऑल साईज पेपर के विक्रेता
1261, द्वारकापुरी, इन्दौर

शुभ दीपावली
सी.ए.
भरत नीमा
9827539432, 9827039432
101 राजानी भवन, पहली मंजिल, इन्दौर
Email : bharatneema_co12@yahoo.com

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
सम्पूर्ण स्कूल यूनिफार्म को समर्पित एकमात्र संस्थान
बसंत यूनिफार्म
ब्रांच - 74-बी सुदामा नगर अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
बसंत ड्रेसेस
178, जवाहर मार्ग, मुकेरीपुरा मस्जिद के सामने, इंदौर
फ़ोन : 0731-2349127, मो. : 9826361815, 9406853505

भाजपा इंदौर में करेगी बड़ी रैली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मीडिया से चर्चा में जानकारी दी और कहा कि 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत इंदौर, जबलपुर और भोपाल में बड़े स्तर पर रैलियां आयोजित की जाएंगी। इन रैलियों में लगभग एक लाख लोगों की सहभागिता का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री निवास पर बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की जानकारी

अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इन्दौर में भी बड़ी रैली की जाएगी इसकी तैयारियां भी भाजपा करेगी। खंडेलवाल ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती 15 नवंबर के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। राज्यसभा की रिक्त एक सीट के लिए उम्मीदवार चयन को लेकर बैठक में चर्चा हुई। प्रदेश और बाहर के सम्भावित 4-5 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा कर बात भी कही।

नामों का पैनल बनाकर राज्यसभा उम्मीदवार के लिए सूची केन्द्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। केन्द्रीय सरकार के हर मंत्रालय के साथ-साथ प्रदेश के एक-एक सांसद को जोडा जाएगा, साथ ही प्रदेश के एक मंत्रियों की टीम भी बनाई जाएगी, केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर हितग्राहियों को मिले इसके लिए प्रदेश के मंत्री, सांसद और अधिकारी आपसी समन्वय से योजनाओं के क्रियान्वयन को गति दे सकें तथा मध्यप्रदेश को उनका अधिकतम लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पिता के विरुद्ध कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी की प्रदेश कोर कमेटी ने घोर निंदा की। इस अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कोर कमेटी ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के बयान की कड़ी भर्त्सना की गई। समान नागरिक संहिता पारित होने के विषय पर भी कोर कमेटी की बैठक में चर्चा की गई। प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी कार्यों और विभिन्न विभागों के कामकाज को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ।



विधायक और भाजपाइयों ने किया कन्याओं का पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजकुमार ब्रिज के पास पंडित की चाल में कन्या भोज और प्रसादी का आयोजन हुआ। विधायक महेन्द्र हार्डिया, नन्दकिशोर पहाड़िया, रघु यादव, चंदूराव शिंदे, मुकेश राजावत, हरिनारायण यादव, मुन्नालाल यादव, यशवंत काशिद, मनीष चोरट, कविता खोवाल ने कन्याओं का पूजन किया और कन्याओं को भोज भी अपने हाथ से कराया।



प्रकरण दर्ज करने पर ज्ञापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस पार्षद पर निगम ने प्रकरण दर्ज कराया। कांग्रेस ने इस प्रकरण को गलत बताया। निगम ने कहा कि हमेशा कांग्रेस पार्षद काम में बाधा उत्पन्न करते हैं। चिन्टू चौकसे के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीसीपी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की और जांच के बाद प्रकरण समाप्त की गुहार लगाई।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महर्षि वाल्मीकि जयंती अवसर पर प्रधानमंत्री सेवा संकल्प के साथ राज्य स्तर धर्म सभा के रूप में वाल्मीकि समाजजनों और भाजपा नेताओं की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों, समाजसेवियों और महिला उद्यमियों का सम्मान भी किया गया। प्रशिक्षण रोजगार के प्रमाण-पत्र भी दिए गए। महिलाओं को सोलर चूल्हे देकर सम्मान भी किया गया। प्रताप करोसिया, निक्की करोसिया, आशीष लोट, शंकरलाल गौहर, महेश तोमर, मुकेश लौट, नागेश गौहर, ओमप्रकाश अटवाल, महेश तोमर, मुकेश लौट, लेखराज नरवाले, राजेश करोसिया, विनोद कल्याणे, प्रकाश अटवाल, दीनू बोयत, रंजीत करोसिया, हरीश बोयत सहित अन्य मौजूद थे।

जीतू पटवारी और आब्जर्वर खान के साथ नायडू कल लेंगे गांधी भवन में बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिल्ली के आयोजन को लेकर विधानसभा अनुसार रणनीति तय की जाएगी

कल दोपहर 12 बजे के करीब गांधी भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस आब्जर्वर मोहम्मद आरिफ खान नसीम और सहप्रभारी उषा नायडू सहित अन्य जिम्मेदार गांधी भवन में 1 नवम्बर को दिल्ली में होने वाले आयोजन को लेकर बैठक करेंगे। बैठक का मुख्य मुद्दा यही होगा कि हर विधानसभा से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेसी 31 अक्टूबर को दिल्ली के लिए निकले और 1 नवम्बर को दिल्ली के आयोजन में वे मौजूद रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े दोनों संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, दौलत पटेल, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, लोकेश हार्डिया, राजेश चौकसे सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। दिल्ली मुद्दे पर कल कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी दीपू यादव, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, लोकेश हार्डिया सहित अन्य की मौजूदगी में बैठक भी गांधी भवन में हुई थी। यह तय किया गया कि पूरी ट्रेन बुक करने का समय निकल चुका है और इस समय त्योहारी सीजन के कारण टिकट बुकिंग में भी ट्रेन में दिक्कत आ रही है इसलिए छोटे वाहनों के माध्यम से दिल्ली जाया जाए, बड़े वाहन से जाने पर बार्डर पर बड़ी गांड़ी रोक दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि हर विधानसभा के प्रभारियों को दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ता ले जाने की जिम्मेदारी दी गई है। किस विधानसभा से कितने सदस्य जाएंगे उसकी गिनती भी प्रदेश कांग्रेस और वरिष्ठ नेताओं को दी जाना है। जीतू पटवारी कल की बैठक में हर विधानसभा प्रभारी से चर्चा भी करेंगे और अगर किसी को साधन चाहिए तो वह सुविधा भी मिलेगी, लेकिन मुद्दा यही है कि ज्यादा से ज्यादा इंदौर शहर सहित जिला और इंदौर-उज्जैन संभाग के अलावा प्रदेश से भी कांग्रेसी बड़ी संख्या में दिल्ली कूच करें।



भाजपा नेता को पुत्री शोक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट से जुड़े भाजपा नेता आदित्य दीक्षित की 11 वर्षीय पुत्री हिती दीक्षित का निधन हो गया। रिजनल पार्क मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाजजनों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोकतंत्र संविधान को लेकर परिचर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय संविधान सभा सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय के तत्वावधान में लोकतंत्र और संविधान में निहित अधिकारों को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। दीपक मलोरिया रानू, सदाशिव यादव, हुकुमचंद जादम, संजय खदीवाला, डॉ. सरदार सिंह कायस्थ, विनोद मेहरा, युसूफ अली, विजय मेहरा, प्रवीण सूर्यवंशी, आर.एन. बौरासी, कपिल सिंह चौहान, विजय नाथ, दीपक साहू सहित अन्य मौजूद थे।



जेम पोर्टल पर खरीदी में 250 करोड़ रुपये ज्यादा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शैलेन्द्र शैली, रुद्रपाल यादव ने आरोप लगाया कि नगरीय निकाय विभाग सहित अन्य विभागों में जेम पोर्टल के माध्यम से हुई खरीदी में गड़बडी हुई है। इन घोटालों की जांच होना चाहिए। सम्बंधित विभागों के अधिकारियों पर कडी कार्रवाई करना चाहिए। विगत तीन साल से 374 नगरीय निकायों में जेम पोर्टल के जरिए 1134 करोड़ रूपए की खरीदी की गई।यह खरीदी यदि वास्तविक कीमतों पर होती तो लगभग 250 करोड़ रुपए की बचत होती। इस तरह जन धन का भारी दुरुपयोग कर जनता के साथ विश्वासघात किया गया।इसके लिए नगरीय निकाय और आवास विभाग के मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी जिम्मेदार हैं। इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होने पर कार्रवाई के नाम पर सरकार खानापूर्ति कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की मांग है कि इस भ्रष्टाचार से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए ।भ्रष्टाचार के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करने से मध्य प्रदेश सरकार लगातार बचती रहती है। क्योंकि इस भ्रष्टाचार को भाजपा सरकार के मंत्रियों , भाजपा नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है। आगामी 1 दिसम्बर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने देश व्यापी जेल भरो आन्दोलन का आव्हान किया है। इसके तहत मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के जिम्मेदार मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी एक मुख्य मुद्दा होगा।

पाइप लाइन में सुधार के कारण खाली रही पानी की 19 टंकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नर्मदा पेयजल योजना की पाइपलाइन में सुधार के कार्य के कारण आज इंदौर में पानी की 19 टंकी खाली रही है। इसके परिणाम स्वरूप इन टंकी से सप्लाई वाले क्षेत्र और सीधे सप्लाई वाली क्षेत्र में नलों से पानी नहीं आया। शहर में ठंड के मौसम के शुरुआती दौर में आज पानी का संकट पैदा हो गया।

नर्मदा पेयजल योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण के पंप बंद होने से आज प्रातःकालीन जलप्रदाय प्रभावित रहा। कल नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी पंप विभिन्न पाइपलाइनों के इंटरकनेक्शन, लीकेज सुधार एवं आवश्यक संधारण कार्यों हेतु बंद किए गए थे। उक्त शटडाउन के दौरान केसरबाग रेलवे क्रॉसिंग के पास 1100 मिमी व्यास की पाइपलाइन का इंटरकनेक्शन कार्य, महू में पाइपलाइन लीकेज सुधार कार्य, पोस्ट ऑफिस, महू रोड पुलिया के अंदर 1200 मिमी व्यास की पाइपलाइन में लीकेज सुधार कार्य, बिजलपुर कंट्रोल रूम पर 900 मिमी व्यास की पाइपलाइन में आवश्यक सुधार कार्य, अन्नपूर्णा क्षेत्र में 400 मिमी व्यास की पाइपलाइन में आवश्यक सुधार कार्य एवं डाइट के पास 600 मिमी व्यास की एमएस पाइपलाइन में लीकेज सुधार एवं आवश्यक संधारण कार्य के साथ एक अन्य पाइपलाइन में लीकेज सुधार कार्य शुरू किया गया है।

सीधे सप्लाई वाले क्षेत्र और टंकी के सप्लाई वाले क्षेत्र में नल से नहीं आया पानी

उक्त कार्यों को पूर्ण करने में अनुमानित 11 से 12 घंटे का समय लगने की संभावना है। उक्त स्थिति के कारण आज अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 103, छत्रीबाग, राजमोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा प्रताप नगर, नरवल, अगरबत्ती काम्प्लेक्स, कुशवाह मोहल्ला, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिंसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल, भक्त प्रहलाद नगर, एमओजी लाइन व जय हिंद नगर की पानी की टंकी से सप्लाई नहीं हो सका। इसका परिणाम स्वरूप इन टंकी से सप्लाई वाले क्षेत्र में लोगों के घरों में नल नहीं आए। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में डायरेक्ट सप्लाय के अंतर्गत पानी भेजा जाता है वहां भी आज पानी सप्लाई नहीं किया जा सका है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पानी भेजने का दावा किया जा रहा है।

सुपर कॉरिडोर पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

जिला प्रशासन की पहल पर निगम ने की कार्रवाई

इंदौर। इंदौर नगर निगम ने आज सुपर कॉरिडोर पर सरकारी जमीन पर किए हुए अतिक्रमण को हटा दिया। जिला प्रशासन की पहल पर नगर निगम के द्वारा यह कार्रवाई की गई।

सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में जिस जमीन पर सड़क का निर्माण किया



जाना है उस जमीन पर कब्जा करते हुए कुछ लोगों के द्वारा पतरें ठोक़ कर निर्माण कर लिया गया था। इस स्थान पर 50000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में किए गए कब्जे में एक बड़ा भोजनालय चलाया जा रहा था। इसके अलावा कुछ दुकान लगा ली गई थी। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा जमीन और प्लाट देखने के लिए आना-जाना किया जाता है। ऐसे में कब्जा कर लगाए गए इन स्थान पर अच्छी बिक्री होती है। जिला प्रशासन के द्वारा पहल किए जाने पर इंदौर नगर निगम के द्वारा कब्जा करने वालों के नाम पर नोटिस जारी करते हुए कब्जा हटाने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी कब्जा करने वालों ने निगम के नोटिस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

ऐसी स्थिति में आज सुबह जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करने का फैसला लिया गया था। इस फैसले की जानकारी कल ही पुलिस को देते हुए पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए भी कह दिया गया था। आज सुबह 6:00 बजे से भारी पुलिस बल की उपस्थिति में एचडी एसडीएम की देखरेख में नगर निगम की टीम द्वारा पोकलेन मशीन की मदद से यहां पर निर्माण तोड़े गए। देखते ही देखते कुछ देर में नगर निगम के द्वारा कब्जा कर बनाए गए सभी निर्माण को तोड़ दिया गया। ध्यान रहे कि यह जो जमीन कब्जा मुक्त करवाए जाने से खाली हुई है उस स्थान पर इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का काम शुरू नहीं हो पा रहा था इसलिए आज यह कार्रवाई की गई।

पानी का दुरुपयोग करने पर चालान बनाना शुरू

इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा पानी का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। आज सुबह पानी को व्यर्थ बहते हुए पाए जाने पर चालान बनाकर 2000 रु. का जुर्माना वसूल किया गया। शहर में पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 21 के वार्ड 79 में आरआर कैट रोड स्थित 7 स्टेप गार्डन के सामने पानी की बर्बादी करने पर 2,000 रु. का स्पॉट फाइन किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर सीएसआई मनीष सिंह और सहायक सीएसआई रवि सिंह ने टीम बेसिक्स की उपस्थिति में यह कार्रवाई की। नगर निगम का उद्देश्य पानी की बर्बादी रोकना और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अब नगर निगम के द्वारा इस तरह की कार्रवाई को निरंतर करते हुए अलग-अलग क्षेत्र में उन लोगों के चालान बनाए जाएंगे जिनके द्वारा पानी का दुरुपयोग किया जाएगा। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा पहले ही यह जानकारी आम नागरिकों को दे दी गई है कि नल में पाइप लगाकर कार या दो पहिया वाहन नहीं धोना है। इसके साथ ही घर के बाहर के क्षेत्र को नर्मदा के साथ पानी से नहीं धोना है। निगम ने लोगों से यह अपील की है कि कपड़ा धोने पर निकलने वाले पानी से साफ सफाई का काम करें। पानी को अधिक से अधिक बचाना है क्योंकि आने वाला कल पानी के भारी संकट का समय है।

फैमिली कोर्ट में आया रोचक मामला सामने

रेप मामले में सजा काट रहे युवक से तलाक लेने कोर्ट पहुंची तीन पत्नियां

कुल 6 पत्नियां होने की बात आई सामने, किसी से भी तलाक लेने को तैयार नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

फैमिली कोर्ट में तलाक के मामले को लेकर जमकर ड्रामा हुआ। रेप के मामले में जेल में बंद युवक की तीन पत्नियां कोर्ट पहुंची थी। यह मामला जब लोगों की जानकारी में आया, तो ज्यादातर हंसी नहीं रोक पाए। इधर तीनों पत्नियों में से दो का प्रकरण इंदौर कोर्ट में ही विचाराधीन है। युवक ने 6 शादियां कर रखी है। वह किसी भी पत्नी को भी तलाक देने को तैयार नहीं है।

फैमिली कोर्ट में जस्टिस श्री गोयल की कोर्ट में इंदौर की दो युवतियों ने विवाह शून्य (13 ए) के दावे लगा रखे हैं। इंदौर जेल में बंद पति का नाम लखन है। लखन ने 6 शादियां कर रखी है। उसकी पांचवी पत्नी ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी कर दैहिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उक्त मामले में आरोपी लखन को 10 साल की सजा हुई है। लगभग 1 साल से वह जेल में बंद है। जिस समय उसे सजा हुई उसके दो माह पहले ही उसने एक और लड़की से शादी कर ली थी। इंदौर की कोर्ट में उसकी पांचवी और छठी पत्नी ने विवाह शून्य का दावा लगा रखा है। वहीं चौथी पत्नी ने जिले के बाहर अन्य जिले में 13 ए का दावा लगा रखा है। कल उस पत्नी को भी जानकारी मिली कि लखन को फैमिली कोर्ट लाया जा रहा है तो वह भी इंदौर कोर्ट पहुंच गई थी। जज साहब के सामने लखन ने अपनी तीनों ही पत्नियों को धोखेबाज साबित करने की कोशिश की, जिस पर माननीय न्यायाधीश भी नाराज हुए। इधर इस मामले की जब सुनवाई चल रही थी, तब कोर्ट में मौजूद अन्य वकील और पक्षकार चटकारे लेकर उक्त प्रकरण का आनंद ले रहे थे। संभवतः इंदौर फैमिली कोर्ट में इस तरह का प्रकरण पहली बार सामने आया है। करीब दो घंटे तक कोर्ट में उक्त मामला चला रहा।




ऐसा कचरा जला कि रहवासियों को आई सांस लेने में तकलीफ़

मौके पर पहुंची निगम और दमकल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड क्रमांक 70 के आदर्श इन्द्रा नगर में बीती रात अज्ञात व्यक्ति ने ऐसा कचरा जलाया कि आस पास के रहवासी परेशान हो गए। जलते हुए कचरे से निकले धुएं के कारण आस पास के लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। मौके पर निगम और फायर की टीम पहुंची।

मिली जानकारी के अनुसार घटना कल रात हुई। आदर्श इन्द्रा नगर के 4 खंभा मैदान पर किसी ने कचरा जलाया। कचरे से निकले धुएं से लोगों को तकलीफ हुई। खासतौर पर बच्चे भी परेशान हुए। कुछ लोग इसे जहरीला कचरा बताने लगे। रहवासियों ने तुरंत इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी। निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची,दमकल ने पानी डालकर आग पर काबू किया। निगम का भी पानी का टैंकर बुलवा लिया गया था।सूत्रों के मुताबित सबूत जुटाकर आज कचरा जलाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। भमोरी पर भी लगी कचरे में आग–



कचरे में आगजनी की एक घटना भमोरी क्षेत्र के खाली प्लाट पर हुई। प्लॉट पर पड़े कचरे में धुंआ उठा और लपटे नजर आई तो लोगों ने दमकल को सूचना दी।मौके पर फायर ब्रिडेग ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

अब निगम परिषद हॉल का संचालन संधारण ठेके पर देगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पहली बार पार्षदों की बैठक के स्थान की सफाई से लेकर माइक तक का काम आउटसोर्स पर होगा

नगर निगम के द्वारा परिषद हॉल को संचालन संधारण के लिए ठेके पर दिया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार पार्षदों की बैठक के स्थान की सफाई से लेकर माइक तक का काम ठेकेदार कंपनी आउटसोर्स के आधार पर करेगी।

वैसे तो नगर निगम अक्सर अलग-अलग कामों को टेंडर के माध्यम से ठेके पर देता रहा है। अब इस कड़ी में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। निगम के मुख्यालय में बनाए गए नए भवन में नगर निगम का परिषद हॉल बनाया गया है। इस परिषद हॉल का लोकार्पण जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के द्वारा किया गया था तो उस समय इस हॉल को अटल बिहारी वाजपेई सदन सभागृह का नाम दिया गया था। पूरी तरह से आधुनिक इस सभागार को अब नगर निगम ठेके पर देने जा रहा है।

निगम की योजना शाखा के द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि इस सभागृह की साफ सफाई जिसमें खास तौर पर धूल साफ करना भी शामिल है। इसके साथ ही इस सभागार तक जाने के लिए लगाई गई लिफ्ट की सर्विस और सभागार में लगाए गए माइक याने की साउंड सिस्टम को मेंटेनेंस के लिए ठेके पर दिया जाएगा। यह ठेका अभी 1 साल के लिए दिया जाएगा। इस कार्य को ठेके पर लेने के इच्छुक फर्म से 13 नवंबर तक उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा जिस सभागार को ठेके पर देने की पहल की जा रही है वहां पर नगर निगम के पार्षदों की परिषद की बैठक होती है। तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नगर निगम अपने मुख्यालय में स्थित पार्षदों की बैठक के हॉल की साफ सफाई और साउंड सिस्टम के मैनेजमेंट का काम नहीं कर सकता है और उस काम को भी ठेके पर दे रहा है तो फिर निगम में स्थिति क्या है? यह पहला मौका है जब इस तरह के काम को निगम के द्वारा ठेके पर देने की पहल की जा रही है।

लॉ फेस्ट लेक्स बोनान्ज़ा का समापन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय लॉ फेस्ट लेक्स बोनान्ज़ा का समापन हुआ। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप शाही, डॉ. निशांत खरे, डॉ. अमरपाल सिंह अतिथि थे। लगभग 143 प्रमुख टीमों एवं 423 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चेयरमैन डॉ. अक्षय कांति बम, कांतिलाल बम ने अतिथियों के साथ उदघाटन में शिरकत की। ड़ॉ. मनप्रीत कौर राजपाल ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात संस्थान की यात्रा पर आधारित कॉलेज पीपीटी तथा पीपीटी के माध्यम से फेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अंतर्राष्ट्रीय लॉ फेस्ट के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही कांतिलाल बम ने सभी प्रतिभागी टीमों को सत्य और निष्ठा से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की शपथ दिलाई। अधिवक्ता मनीष यादव,डॉ प्रीति गायकवाड़, एडवोकेट जूही अरोडा सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई। अतिथियों का स्वागत भी किया गया और उन्होने सार्थक उदबोधन भी दिया।

॥ ॐ शांति ॥
शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे भाई एवं सिद्धार्थ के पिताजी, डा. आदित्य एवं हर्ष के चाचाजी
श्री सुशील लखोटिया का आकस्मिक निधन हो गया है।
शव यात्रा
इनकी शव यात्रा आज सायं 4 बजे
हमारे निवास 19, गुलाब पार्क, महेश नगर, इंदौर से
पंचकुईयाँ मोक्षधाम जावेगी।
शोकाकुल
ओम लखोटिया | डा. कैलाश लखोटिया | डॉ. निर्मल लखोटिया
सिटी नर्सिंग होम, इन्दौर

Happy Diwali
SIP YOUR WAY TO A
SUSTAINABLE TOMORROW
Switch to our range of Paper cups & Ripple cups that are good for you and the planet too
Eco Friendly | Bio Degradable | Recyclable | 100% Free from plastic
PACKEDGE
Plot 13, Pharma-Herbal Cluster, Bijepur Near Betma District - Indore (M.P.) 45300
Info@packedgeindia.com / www.packedgeindia.com|+919926178710

Ram Goswami
Happy Diwali
YASHASWI SALE'S
ALFA Aluminium Foil
202/20 Meghdhoot Nagar,
Indore 452011 (MP), Mob. 9644244044
Email : yashaswisalesindore@gmail.com

मयूर गर्ग : 9977005321
दीपोत्सव पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
ओम दोना-पत्तल भण्डार
पेपर दोना-प्लेट, थाली, पत्ते की पत्तल-दोना
एवं डिस्पोजेबल आयटम्स के थोक व्यापारी
93, हाथी पाला, जोशी ट्रांसपोर्ट के पास, इन्दौर (म.प्र.)

Gaurav Daga
09424892999
Complete The Cycle Buy Recycle
Happy Dipawali
Shri Siddhivinayak Enterprises
Deals in : All kind of Eco Friendly, Areca leaf, Paper, Non Woven Bags Disposables and Packing Material

शुभ दीपावली
सिद्धार्थ जैन

Happy Diwali
SMART PAPER
Paper for Every Mood
Deals in : Premium Range of Paper Napkin, Cloth Napkin, Cling Film & Aluminium Foil, Toilet & Kitchen Rolls, Face Tissue & M Fold, Table Covers, Rolls & Mats, Disposable Gloves & Caps, Designer Toothpick & Straw and other Kitchen Supplies
Prateek Kasat 9873210547
खसरा नं. 329, उद्योग नगर, टाटा स्टील के पीछे, आकाश नमकीन के पास, पालदा, इन्दौर

Prateek Khandelwal
+91 99772 55577
Aman Khandelwal
+91 99776 99904
Happy Diwali
SHREE KRISHNA PAPERS
Dealing In : Paper Products & Disposables
B-140, New Loha Mandi, Dewas Naka, INDORE (M.P.)
Email : skpapers0516@gmail.com

प्रदीप गुप्ता- 9826381556
प्रिंस गुप्ता- 8818881881
किरण पेपर प्रोडक्ट्स, इंदौर
की ओर से
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
डिस्पोजल और फ्रोज़न फूड्स विशेषांक

ISCON BALAJI FOODS
Happy Diwali
HUNGRITOS
Spreading crispy smiles
Experience the supremacy of flavour
Aloo Popcorn | Peri Peri French Fries + Cola
WWW.HUNGRITOS.COM

Happy Diwali
NOVA
ANUSHKA
MARKETING
Bio baggase Aluminum and plastic packaging product
RAJ RATHORE : 9826054348
Rathore Chamber, 4th Floor, Siyaganj, Indore

जवाहर आईस
एंड कोल्ड स्टोरेज
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पोलोग्राउंड, इंदौर

Aviral Marketing
Nature Needs Heroes
Gaurav Khandelwal
Eco-Preneur
Happy Diwali
Eco - Friendly Tablewares
Food Delivery Solutions
Waste Management Services
79, Radhika Palace Colony, Mahalaxmi Nagar Main Road, Near ICICI Bank, Indore
+91 98260-42235
aviralmkt@gmail.com

दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आदर्श डेकोरेशन
बेलून ❖ रिबिन ❖ केन्डल ❖ पार्टी बेलून
बर्थ-डे आयटम के थोक विक्रेता
अजय प्रजापति - 9074153955
विजय - 7389075336
पुराणिक प्लाजा, जेल रोड, ग्राउण्ड फ्लोर, इन्दौर (दुकान मार्केट के अन्दर है)

HABIT
Happy Diwali
taste matters
www.habitbrand.com
QUALITY
CONSISTENCY
RIGHTLY PRICED
AUTHORISED DISTRIBUTOR OF TAJIR PRIVATE LIMITED
9821579095 | 9224768464
ganesh_agency@ymail.com
FSSAI Lic. No. 10012022000597
Follow us on





दिव्यांशु महाराज की भजन संध्या में झूमे माहेश्वरी समाजजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माहेश्वरी समाज ने दिव्यांशु महाराज की भजन संध्या का आयोजन दस्तूर गार्डन में आयोजित किया। बडी संख्या में माहेश्वरी समाजजनों ने दिव्यांशु महाराज के श्रीमुख से हो रहे कीर्तन का लाभ लिया। दिव्यांशु महाराज ने अपनी वाणी से ब्रज में रतन राधिका गोरी 'भी गाया और जब उन्होंने' चक्का नयन जगन्नाथ जगन्नाथ' गाया तो श्रद्धालु अपने आप को झूमने से नहीं रोक सके और लगातार मंच के समीप नृत्य करते रहे। चारों तरफ का नजारा बड़ा भक्तिमय नजर आया। ईश्वर बाहेती, अजय सारडा, केदार हेडा, रजत बेडिया, चेतन बियाणी, राधेश्याम काबरा, श्याम सारडा ने अपनी भूमिका निभाई।

लखोटिया का निधन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के मध्य राजमोहल्ला स्थित सिटी नर्सिंग होम के संचालक ओम लखोटिया, डॉ. कैलाश लखोटिया, डॉ. निर्मल लखोटिया के भाई, सिद्धार्थ लखोटिया के पिताजी, डॉ. आदित्य लखोटिया एवं हर्ष लखोटिया के चाचा सुशील लखोटिया का आकस्मिक निधन हो गया। शवयात्रा आज मंगलवार की शाम 4 बजे महेश नगर-गुलाब पार्क से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम जाएगी। कई चिकित्सकों और माहेश्वरी समाजजनों ने सुशील लखोटिया के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

सराफा के बाद बजाजखाना के व्यापारी बंद लाइट से हुए परेशान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जहां दो दिन पहले सराफा में देर शाम से रात तक लाइट बंद हुई थी और व्यापारी के साथ इस सीजन में आए ग्राहक भी परेशान हुए थे यही स्थिति कल सराफा के समीप बजाजखाना व्यापारिक क्षेत्र में बनी। लम्बे समय तक लाइट बंद रही, जिससे व्यापारी और ग्राहक परेशान होते रहे।

जायसवाल समाज मातृशक्तियों ने किया सेलिब्रेशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जायसवाल समाज के महिला विंग से जुड़ी रूपा जायसवाल, साधना जायसवाल ने बताया कि प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन समाज की मातृशक्तियों के बीच किया गया। सौभाग्य पर्व करवा चौथ को लेकर चर्चा भी की गई। पानी बचाने की शपथ भी गई। इस



सेलिब्रेशन में वंदना जायसवाल, कविता जायसवाल, सुषमा जायसवाल, अर्चना जायसवाल, राधा जायसवाल, किरण जायसवाल, सीमा जायसवाल, सुमित्रा चौकसे, रश्मि राय, सारिका चौकसे सहित अन्य मातृशक्तियां शामिल हुई।

गोवर्धननाथ मंदिर हवेली में शरद दर्शन और गरबा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

यशवंतगंज-मल्हारगंज स्थित प्राचीन गोवर्धननाथ मंदिर हवेली में गोस्वामी रूक्मणी देवी महाराज के मार्गदर्शन में शरद दर्शन का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए कल किया। भगवान के शयन के बाद मंदिर हवेली परिसर में गरबा रास महोत्सव का आयोजन हुआ। आचार्य कल्याण राय महाराज, गोकुलोत्सव महाराज, दिव्येश बाबा महाराज शामिल हुए। शोभना राजा द्वारा सम्मान किया गया। नीलेश नीमा डेरी ने बताया कि बड़ी संख्या में वैष्णव समाजजन और



संस्थाओं के ग्रुप जिनमें मातृशक्तियां भी थी ने गरबा प्रस्तुति दी। महाराज श्री ने सभी प्रतिभागियों को उपडना ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। बड़ी संख्या में वैष्णव श्रद्धालुओं ने शरद दर्शन कर रास महोत्सव और महाप्रसादी का धार्मिक आनन्द लिया। वैष्णव मित्र मंडल ने आभार भी प्रकट किया।

केसरिया गरबा में समाजजनों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

केसरिया गरबा मातृशक्ति आयोजन समिति साकरोदा, इंदौर के तत्वावधान में मांगलिक परिसर मूसाखेड़ी में एकदिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 80 से अधिक मातृशक्तियों और बालिकाओं ने किया। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों मांगीलाल जोशी, ललित जोशी, खुमान जोशी, गोपाल जोशी, खेमराज जोशी, रामकिशन जोशी, देवीलाल जोशी, मुकेश जोशी, जसराज मेहता, राजेश जोशी, संतोष जोशी का



सम्मान भी किया गया। सूरज जोशी, बंसी जोशी, राजेश जोशी देवीलाल पुरोहित ने बताया कि मेवाड़ और पालीवाल ब्राह्मण समाज की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता की सुंदर छटा प्रस्तुत की। विधायक महेन्द्र हार्डिया, राजेश उदावत, मलखान कटारिया, सुदामा चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। 51 महिलाओं का चयन लाटरी के माध्यम से पावागढ़ एवं डाकोर तीर्थ यात्रा के लिए किया गया।

राधे-राधे ग्रुप ने किया कन्या पाद-पूजन और सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राधे-राधे ग्रुप ने शरद उत्सव के अन्तर्गत कन्या पादपूजन किया, गरबों की प्रस्तुति भी दी गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, आकाश विजयवर्गीय, बरखा मालू, अशोक चौहान, अशोक ईनानी,



राजेश मूंगड़, रजत लड्ढा, अनुज राठी, योगेश मेहता अतिथि थे। कार्यक्रम में गगन यादव, शीला गुप्ता, देवेन्द्र ईनानी, विजय जैन, मुकेश पंवार, श्याम माहेश्वरी, गोपाल सिसौदिया, हेमंत सोडानी, रेखा राव, मीना ईनानी, पूनम घई, सविता पंवार मौजूद थे। संचालन राधे-राधे ग्रुप की राधा ईनानी द्वारा किया गया।



148 बालिकाओं को मिले पुरस्कार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शरद पूर्णिमा पर श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में 148 गरबा बालिकाओं को महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में पुरस्कार दिए गए। अमित पाटिल का सहयोग रहा।

छापेकर और भट्ट के सुरों से सजी स्वर चंद्रिका

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था अभिनव कला समाज, श्रुति संवाद संगीत समिति एवं किशोर संस्कृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में संगीत कार्यक्रम 'स्वर चंद्रिका' का आयोजन किया गया। नीलिमा छापेकर, सज्जनलाल भट्ट ने स्वरों की प्रस्तुति गीत-संगीत के साथ दी। विलास खरगोनकर, अनुप राजे, रवि किल्लेदार, कीर्ति महाशब्दे, पूर्वी सर्राफ ने संगत



की। सुनील मसूरकर, प्रकाश शुजालपुरकर, दिलीप मुंगी, शोभा चौधरी, कल्पना झोकरकर, डॉ. भाग्यश्री जोशी, स्मिता मोकाशी अतिथि थे। प्रवीण कुमार खारीवाल, सत्यकाम शास्त्री, डॉ. पूर्वी निमगांवकर, डॉ. प्रशांत बंसोड़, वसुंधरा तिवारी, नरेंद्र भाले, विश्वास पूरकर, राकेश पांडे, अजय सराफ, बालकृष्ण सनेचा, श्रीमती ज्योत्स्ना सोहनी, डॉ. शिल्पा मसूरकर, सुश्री सोनाली यादव, सतीश फाल्के, राममोहन तिवारी, रोहित अग्निहोत्री ने अपनी भूमिका निभाई।

भैरव भक्त मंडल ने किया भंडारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जय भैरव भक्त मंडल द्वारा भंडारा का आयोजन ब्रह्मलीन चौधरी राजकुमार टांक अंजू की स्मृति में किया गया। अंजू के चित्र पर पूजन भी किया गया। कार्यक्रम से जुडे अभिजीत भीमा टांक ने बताया कि इस अवसर पर प्रताप करोसिया, भरत रघुवंशी, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, विनय बाकलीवाल,मुकेश ठाकुर, धर्मेन्द्र पैमाल, नरेन्द्र शर्मा, अभिषेक करोसिया, गोलू सिरसवाल, महेंद्रसिंह राठौड़, अशोक विश्वकर्मा, कल्लू टांक, राजकुमार पाटीदार, कमल बीजावत, बबलू प्रजापत, वीरू सौलंकी, लोकेश मामा, दुर्गेश मकासरे, ताराचंद सावरे, सन्नी चौधरी, विनोद पाटीदार, अरुण प्रजापत, बेना सोलंकी, लक्की पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।



ग्राहक पंचायत की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मालवा प्रांत ग्राहक पंचायत की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक नारायण बाग कार्यालय पर प्रांत के जिलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। दिए गए कार्यों



को समय सीमा में करने पर बैठक में जोर दिया गया।



अग्रश्री कपल्स ग्रुप ने किया आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरु अमरदास हॉल माणिकबाग रोड पर अग्रश्री कपल्स ग्रुप की मेजबानी में अमृत बेला गरबा महोत्सव के आयोजन में डांस इंडिया डांस के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। अतिथि कुलभूषण मित्तल कुक्की, अरविन्द बागडी, संजय अग्रवाल, गणेश गोयल, राजेश बंसल, राजेश गर्ग केटी, प्रदीप अग्रवाल सहित अन्य थे। स्वाति-राजेश मंगल, शीतल-रवि अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

दशहरा मिलन और कलाकारों का सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजकुमार मिल गणेश उत्सव समिति द्वारा दशहरा मिलन व झांकी कलाकारों का सम्मान आयोजन किया गया। सेवा देने वाले मदन परमालिया का अजयसिंह ठाकुर,कैलाश कुशवाहा, सुरेन्द्र शर्मा, झांकी कलाकार पविण हरगांवकर, गणेश वर्मा सहित अन्य ने सम्मान किया।

मित्तल की पुण्यतिथि पर आदरांजलि कार्यक्रम



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गीता भवन मंदिर, अग्रसेन विद्यालय, कसेरा बाजार विद्या निकेतन जैसे शिक्षण संस्थान और अन्नपूर्णा आश्रम से लेकर अन्य धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे समाजसेवी गोपालदास मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर आदरांजलि कार्यक्रम गीता भवन में आयोजित किया गया। मित्तल द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी भी दी गई, उनके रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया। राम ऐरन, दिनेश मित्तल, मनोहर बाहेती, रसनिधि कुमार गुप्ता, महेश सांघी, अमित गुप्ता, नमोनारायण मित्तल, हरीश जाजू, संजीव कोहली, स्वामी हंसचैतन्य महाराज की मौजूदगी रही। मित्तल परिवार की ओर से मृदुला मित्तल, अर्पित-अदिति मित्तल, अव्यांश मित्तल आदि ने भी पुष्पांजलि समर्पित की।

वेदांत संत सम्मेलन को लेकर बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर आज दोपहर 12 बजे स्वामी लक्ष्मणानंद की पुण्यतिथि अवसर पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के बाद आज दोपहर में ही आगामी 23 से 29 दिसम्बर तक वेदांत संत सम्मेलन की तैयारियों हेतु आश्रम से जुड़े भक्तों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक भी होगी। उक्त जानकारी हरि अग्रवाल ने दी।



राठायन माताजी को लगे छप्पन भोग

रात्रि जागरण और भंडारा का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मूसाखेड़ी क्षेत्र में गुलाब कॉलोनी पालीवाल मोहल्ले में स्थित श्री 1008 राठायन माताजी मंदिर पर रात्रि जागरण के बाद माताजी को 56 भोग लगाए। रात्रि जागरण में कीर्तन किया गया, भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुई। बड़ी संख्या में पालीवाल ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे।

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन इंजीनियर्स सोसाइटी द्वारा दो दिवसीय गोलाकोट थोबन की धार्मिक यात्रा की गई। सभी ने मंदिर के जीर्णोधार कार्य का अवलोकन किया और सहयोग की बात भी कही। विकास वाओ, विकास केट, रजत जैन, सतीश जैन, मीनू जैन, शोभा जैन, मोनिका जैन, नीना जैन, वंदना जैन, स्वाति जैन, सीमा जैन, सोनाली जैन सहित अन्य मौजूद थे।



जैन ग्रुप ने की धार्मिक यात्रा



535 अग्रवाल परिवार ने की शिरकत

आज दोपहर मेहंदी और सम्मान का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में 535 परिवारों की मातृशक्ति ने तीन दिवसीय गरबा रास महोत्सव में भागीदारी की। रात में गरबा और कल दोपहर में राणीसती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया। अखिलेश गोयल, पूनम गुप्ता, विकास मित्तल ने बताया कि आज मंगलवार दोपहर 1 बजे से करवाचौथ, मेहँदी का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें 45 वर्ष आयु तक की दो से अधिक संतानों की माताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज में घटते संयुक्त परिवार की व्यवस्था को प्रोत्साहित करने और मामा, बुआ, मौसी जैसे लुप्त हो रहे रिश्तों को संरक्षित रखने का रखा गया है। संगठन की ओर से ऐसी मातृशक्ति के प्रति सम्मान के जरिए आभार व्यक्त किया जाएगा और तद्पश्चात शाम 6 बजे से स्नेह भोज का आयोजन होगा।

शिविर में 21 मरीजों का आपरेशन के लिए चयन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोइथराम नेत्रालय, अरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पब्लिक स्कूल कुशवाह नगर चौराहे के पास नेत्र शिविर



में 180 मरीजों ने लाभ लिया, 21 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में निःशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 75 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

युवान क्लब की महिलाओं ने सजाई महफिल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। युवान क्लब की महिलाओं ने मातृशक्तियों के लिए 'इवनिंग सोइरी' का आयोजन बेलुमी, निपानिया स्थित इंदौर बायपास पर किया गया। मातृशक्तियों ने मनोरंजन, खेल, हंसी-ठिठोली और आपसी संवाद का आयोजन किया। स्मिता, रोशनी, रितिका, परिधि, रूपल, अक्षरा और अनुश्रुति का सहयोग रहा।





अग्रवाल महिलाओं ने किया आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज ने मेला और कान्हा की मनोहारी रासलीला का आयोजन किया। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। बुजुर्ग से लेकर युवा और मातृशक्तियां भी मौजूद रही। अतिथि टीकमचंद गर्ग, गोविंद सिंघल मामा, पीडी अग्रवाल कान्ट्रेक्टर, उषा राजेश बंसल, जगदीश गोयल बाबाश्री, महेन्द्र पीडी अग्रवाल शामिल हुए। कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। आयोजन से शीला अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, चंचल गर्ग, चंद्रकला ऐरन, शोभा जैन, शीला अग्रवाल, कृष्णा गर्ग, उमा गोयल, निर्मला ऐरन ने आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

धार में रेल का सपना जल्द होगा साकार, पीथमपुर की टीही टनल में टावर वैगन का सफल परीक्षण

केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के प्रयास लाने लगे रंग...

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार-महू लोकसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए रेल सेवा से जुड़ने का वर्षों पुराना सपना अब जल्द ही हकीकत में बदलने जा रहा है। इंदौर-धार रेल परियोजना के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए रेलवे प्रशासन ने पीथमपुर स्थित लगभग 3 किलोमीटर लंबी टीही टनल (सुरंग) में रेलवे टावर वैगन का सफल परीक्षण कर लिया है। इस तकनीकी परीक्षण की सफलता को इंदौर से धार के बीच रेल परिचालन शुरू करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण और अंतिम चरणों का कदम माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी माह में क्षेत्र की जनता को रेल कनेक्टिविटी की बड़ी सौगात



मिल जाएगी। इस ऐतिहासिक प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री तथा धार-महू सांसद सावित्री ठाकुर ने कहा कि धार में रेल का सपना अब शीघ्र साकार होने जा रहा है, आजादी के बाद यह पहला मौका होगा जब इंदौर और धार सीधे रेल मार्ग से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह रेल कनेक्टिविटी केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों का बड़ा जरिया बनेगी,इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों सहित आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद ठाकुर ने इस परियोजना की गति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार और मध्य प्रदेश के दूरस्थ व आदिवासी बहुल क्षेत्रों को जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि शेष बची तकनीकी औपचारिकताएं भी जल्द पूरी कर ली जाएंगी, जिससे धारवासियों की दशकों पुरानी आकांक्षा पूरी होगी।



कागजों पर स्वच्छता मिशन चलने के आरोप की बात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिले की सांवेर, महू देपालपुर, इंदौर जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत व उनसे जुड़े गांवों में स्वच्छ भारत मिशन कागजों पर चल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर सिर्फ कागजों पर खर्च हो रहा है। जिस प्रकार नगर निगम व नगर पालिकाओं में स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर जो भ्रष्टाचार हुआ है वही भ्रष्टाचार जनपद व ग्राम पंचायत में भी हो रहा है। कचरा वाहन खरीदने, सामुदायिक शौचालय व घर-घर शौचालय बनाने, डस्टबिन के नाम सरकार का पैसा जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की जेब में जा रहा है। यदि समिति बनाकर स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत गांव गांव जाकर देखी जाए तो पता चल जाएगा। उक्त जानकारी किशन पटेल ने दी।

200 से अधिक श्वान की शिरकत



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉग फेस्ट इंडिया इंदौर एडिशन 4.0 का आयोजन ग्रैंड ओमनी लॉन्स, इंदौर में पेट लवर्स का फेवरेट शो आयोजित किया गया। इस शो में 200 से अधिक पेट्स और करीब 800 लोगों ने हिस्सा लिया। 30 से अधिक डॉग ब्रीड्स की मौजूदगी, आकर्षक प्रतियोगिताओं और पेट इंडस्ट्री से जुड़े विभिन्न ब्रांड्स की गतिविधियों ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बेस्ट ऑफ ब्रीड, बेस्ट डॉग इन शो और बेस्ट पपी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में विभिन्न नस्लों के डॉग्स ने हिस्सा लिया और विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। शो में प्रोफेशनल प्रोटेक्शन डॉग्स एवं डॉग एजिलिटी डेमोंस्ट्रेशन विशेष आकर्षण रहे। पेट फैशन शो, पेट प्ले ज़ोन, फोटो बूथ और विभिन्न पेट ब्रांड्स के स्टॉल्स ने आयोजन को और भी मनोरंजक बनाया। ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। अकरम ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से देशभर के पेट लवर्स को डॉग एडॉप्शन, ब्रीडर वेरिफिकेशन, डॉग एक्सीडेंट सहायता एवं प्रोटेक्शन, शेल्टर होम्स जैसी विभिन्न सुविधाओं से ऑनलाइन जोड़ा जाएगा।

कुशवाह नगर में नाली और सड़क की समस्या

टूटी नालियों के कारण जल निकासी नहीं होती है

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा एक के कुशवाह नगर की कुएँ वाली गली की बैक लाइन नाली के साथ सडक की समस्याएं रहवासियों को परेशान कर रही है। क्षतिग्रस्त नालियों के कारण जलनिकासी ठीक से नहीं हो रही है, गंदा पानी जाम रहता है, ज्यादा होने पर रोड पर बहता है। जिससे गंदगी, दुर्गंध, कीचड़ और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इस गली में सड़क का निर्माण भी नहीं हुआ है, जबकि आसपास की सभी सड़कों का निर्माण हो चुका है। बारिश के समय जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। इस गली में दो सैनिकों के मकान भी हैं, जिनके परिवारों को भी इन समस्याओं के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत करने एवं लिखित आवेदन देने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अतः समस्त रहवासियों की मांग है कि पुरानी क्षतिग्रस्त नाली के स्थान पर उचित ढलान, पर्याप्त चौड़ाई एवं मजबूत निर्माण वाली नाली बनवाई जाए, जिससे पानी की निकासी सुचारु रूप से हो और भविष्य में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही गली की सड़क का निर्माण भी शीघ्र कराया जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो समस्त रहवासी धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

विद्यार्थियों को मिले पौधे तो लिया बड़ा करने का संकल्प



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च सेंटर में पर्यावरण प्रेमी एवं सेवानिवृत्त इंजीनियर हरीश मेनारिया ने विद्यार्थियों को पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और संस्थान के सदस्यों ने पौधों को पेड़ बनाने तथा जल संरक्षण का संकल्प लिया।डॉ. सुखजीत कौर मथारू, भव्या भट्ट, डॉ. मनीषा भटनागर, डॉ. एस. रतन अय्यर, राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

हनुमान मंदिर में स्वास्थ्य शिविर



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। द्वारिका जिला,बाहुबली प्रखंड नया बसेरा हनुमान मंदिर गांधीनगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों डॉ. सोमेश खत्री, डॉ. सीएस उपाध्याय ने डॉ. माधव हासानी के मार्गदर्शन में सेवाएं दी। आयोजन से राहुल तिवारी, सचिन मराठा, अनूज बोहरा, अखिलेश चौहान, अंतिम शुक्ला, दिलीप सोनी, रोहित बड़वाया, कमल चौहान जुडे है।



कॉग्निजेंट फाउंडेशन टेक ऑल सेंटर शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईपीएस अकादमी, इंदौर के स्कूल ऑफ कंप्यूटर्स में आईसीटी अकादमी के सहयोग से कॉग्निजेंट फाउंडेशन टेक ऑल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वूमेन एम्पावरमेंटङ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को उन्नत आईटी एवं सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। निधि जैन, डॉ. मनीष पुंडलिक,आयुष पाठक, अनुज शर्मा मौजूद थे।

बर्फानीधाम पर भक्तों की भीड़



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बर्फानीधाम आश्रम मालवीय नगर में शरद पूर्णिमा अवसर पर दादा बर्फानी के जयकारों के साथ औषधियुक्त खीर का वितरण बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को किया गया। सेवादार भी लगाए गए थे। भजन, कीर्तन, आरती का आयोजन किया गया। खीर में जड़ी बूटी और औषधियां मिलाकर अलग-अलग पीडितों को दी गई। उक्त जानकारी महामंडलेश्वर भरत दास महाराज ने दी।

आर्य समाज मंदिर में भजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आर्य समाज मंदिर महू में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन और आरती कई गई। प्रकाश आर्य, श्रीधर गोस्वामी, गीता आर्य, दिलीप आर्य, अश्विनी शर्मा, सुनीति शर्मा, सविता शर्मा, डॉ. महेश तिवारी, रुद्र आर्य, राधेश्याम बियाणी, विनय स्वामी, रामलाल प्रजापति आर्य, बी.के. ठक्कर, द्रोणाचार्य दुबे ने अपनी भूमिका निभाई।

तळी भंडार और प्रसाद वितरण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप' द्वारा श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर भिंडी खाऊ, शिवाजी नगर में तळी-भंडार व प्रसाद वितरण किया गया।

सांस्कृतिक संध्या में मौजूद रहे परिवार के साथ योग प्रशिक्षक



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। योग मित्र मंडल द्वारा जाल सभागृह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के 18 विभिन्न योग सेंटर्स के प्रशिक्षकों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया। जिससे पूरा सभागृह उत्सव के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में करीब 200 लोगों की उपस्थिति रही। नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी गई। कोठारी कॉलेज सेंटर के प्रतिभागियों की प्रस्तुति हुई। तरु गुप्ता, आभा अरोड़ा, सुनीता कंदोई, संगीता बाफना, सारिका जैन, पूर्वी, प्रकाशचंद्र रावत, गौतम काले, विद्याधर मुले,अशोक गुप्ता, अभय भालेराव मौजूद थे।

संपादकीय

भारतीय बाजार से क्यों हाथ खींच रहे विदेशी निवेशक? अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौती

विदेशी निवेशकों ने अक्तूबर में अब तक 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि शेयर बाजार से निकाली है, जो सितंबर की करीब 35 हजार करोड़ रुपए की निकासी से कहीं अधिक है। भारत की गिनती भले ही दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में की जाती है, लेकिन विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से मुंह मोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। खबरों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने अक्तूबर में अब तक 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि शेयर बाजार से निकाली है, जो सितंबर की करीब 35 हजार करोड़ रुपए की निकासी से कहीं अधिक है। इस वर्ष की कुल निकासी 3.08 लाख करोड़ रुपए के पार जा चुकी है, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 1.66 लाख करोड़ रुपए था। विदेशी निवेशकों के इस रुख को पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, बढ़ती महंगाई और कंपनियों की कमाई को लेकर उपजी आशंकाओं से जोड़ा जा रहा है। मगर केवल बाहरी कारणों का हवाला देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। हालांकि, विदेशी निवेश को प्रोत्साहन के लिए घोषणाएं और सुधार होते रहे हैं। मगर सवाल है कि क्या ये इतने ठोस और प्रभावी हैं कि अनिश्चित दौर में भी निवेशकों को बाजार में टिकाए रख सकें? ऐसे समय में जब दुनिया के दूसरे उभरते बाजार निवेशकों को रिझाने में जुटे हों, तब सिर्फ संभावनाओं पर जोर देना ही पर्याप्त नहीं होगा। स्थिर नीतियां, पारदर्शी नियम और त्वरित मंजूरी की व्यवस्था टिकाऊ विश्वास का निर्माण करती हैं। भारतीय बाजार में विदेशी पूंजी के प्रवाह का घटता स्तर भी इसी ओर इशारा करता है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है, हालांकि राहत की बात यह है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों और व्यवस्थित निवेश योजनाओं के जरिए आने वाले निवेश ने बाजार को संभाले रखा है। ऐसे में सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि आखिर विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से मोह भंग क्यों हो रहा है और उनका भरोसा कायम करने के लिए किस तरह के कदम उठाए जा सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही देश की आर्थिक स्थिरता, निगमित ढांचे की मजबूती और विकास की संभावनाओं को वैश्विक मंचों पर प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने की जरूरत है।

अवैध गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब पौने दो किलो अवैध गांजा और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। तेजाजी नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैलोद करताल के समीप कार्रवाई करते हुए संदिग्ध रामसिंह निवासी ग्राम तिरखी, जिला धार को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 876 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और तस्करी के इस नेटवर्क में अन्य संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं मल्हारगंज पुलिस ने बड़ा गणपति के समीप कार्रवाई करते हुए संदिग्ध संजय उर्फ मल्ला कौशल निवासी कण्डिलपुरा को धरदबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 668 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

टेम्पो ट्रेवल में तोड़फोड़ और मारपीट

गाड़ी बुकिंग के विवाद में आरोपी ने महिला के साथ किया विवाद

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में गाड़ी बुकिंग को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने एक महिला के साथ मारपीट की और उनकी फोर्स टेम्पो ट्रैवलर में तोड़फोड़ कर डाली। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना बीती रात करीब 8:30 बजे जिला अस्पताल चांदमारी ईंट भट्टा मेन रोड के पास की है। फरियादी दीपिका श्रीवास्तव निवासी चांदमारी ईंट भट्टा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी फोर्स टेम्पो ट्रैवलर एमपी 09 एके 1916 वहां खड़ी थी और वे उसमें से सामान निकाल रही थीं।उसी दौरान आरोपी शुभम निवासी विदुर नगर, परेश्वर उर्फ परम और उनका एक अन्य साथी सफेद रंग की कार से वहां पहुंचे। गाड़ी बुकिंग की बात को लेकर वे विवाद करने लगे और गालियां देने लगे। जब पीड़िता ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी शुभम ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद आरोपी परम ने सड़क पर पड़ा पत्थर उठाकर टेम्पो ट्रैवलर के आगे का कांच फोड़ दिया, और फिर शुभम ने भी पत्थर से गाड़ी का राइट साइड वाला कांच तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी यह कहते हुए फरार हो गए कि आज तो छोड़ रहे हैं, लेकिन आईंदा दिखी तो जान से खत्म कर देंगे।

टक्कर मारकर कार रोकी

कार सवार बदमाशों का दिखा जान से मारने की धमकी का आतंक, विरोध करने पर की कार में तोड़फोड़

इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र में दबंगई के चलते कार सवार बदमाशों द्वारा जमकर उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक कार को टक्कर मारकर रोका और उसमें तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर फॉर्च्यूनर कार चालक और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना 7 अक्टूबर की रात करीब 12:00 बजे महालक्ष्मी नगर क्षेत्र की है। फरियादी अंकित पिता शरद श्रीवास्तव, निवासी बीसीएम प्लेनेट, निपानिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपनी कार एमपी 09 झेडएल 0015 से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही फॉर्च्यूनर कार एमपी 09 एचएच 8787 के चालक ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारी और ओवरटेक कर सामने अपनी कार अड़ा दी।फॉरच्यूनर से 3-4 अज्ञात व्यक्ति नीचे उतरे और गालियां देते हुए उनकी तरफ बढ़ने लगे। स्थिति भांपकर जब अंकित ने अपनी कार रिवर्स कर वहां से निकलने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनकी कार में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उनका पीछा किया। लसूडिया पुलिस ने कार नंबर के आधार पर चालक और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

युवक के गले पर मारा चाकू

इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र के देव नगर में बदमाशों ने बालू पिता मनोज मालवीय (19) के गले पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में दाखिल किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

भाइयों को ड्रग्स केस में फंसाने की धमकी

बातचीत बंद करने पर सिरफिरे ने चमकाया तो हुआ प्रकरण दर्ज

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से प्रताड़ना और धमकियों का मामला सामने आया है। दोस्ती टूटने के बाद आरोपी लगातार नाबलिग पर बातचीत करने का दबाव बना रहा था और बात न करने पर उसके भाइयों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 16 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि पूर्व में उसकी पहचान निहार नाम के युवक से थी और वे साथ घूमने भी गए थे। हालांकि, करीब दो महीने पहले उसने निहार से बातचीत पूरी तरह बंद कर दी थी, जिससे नाराज होकर आरोपी उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा था।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दिनों अपने घर की छत पर कपड़े लेने गई थी। उसी दौरान आरोपी निहार भी अपने घर की छत पर आ गया और उसने धमकी दी कि यदि उसने दोबारा बात शुरू नहीं की, तो वह उसके भाइयों को ड्रग्स के मामलों में फंसाकर बर्बाद कर देगा। इसके अलावा आरोपी पहले भी उसे जान से खत्म करने की धमकी दे चुका है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
144800	143100
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
197900	194800

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

कोर्ट रूम में महिला वकील पर हमला

भरण-पोषण की राशि मांगने पर आरोपी ने उठाया हाथ, प्रकरण दर्ज

इंदौर। देपालपुर की जेएमएफसी न्यायालय के कोर्ट रूम में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक आरोपी ने सुनवाई के दौरान महिला अभिभाषक पर हमला कर दिया। भरण-पोषण की राशि जमा कराने की मांग से गुस्साए आरोपी ने जज के सामने ही महिला वकील को जोरदार तमाचा जड़ दिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना देपालपुर के जेएमएफसी न्यायालय के कोर्ट रूम की है। फरियादिया महिला वकील रजनी पति राकेश पंवार, निवासी डाक बंगला रोड, देपालपुर अदालत में एक मामले की पैरवी कर रही थीं। महिला अभिभाषक रजनी पंवार जेएमएफसी न्यायाधीश से भरण-पोषण के केस में आरोपी संतोष पिता जयराम, निवासी ग्राम नेवरी, बेटमा से 5,000 रुपए की राशि जमा करवाने का निवेदन कर रही थीं। इसी बात को लेकर आरोपी संतोष अचानक आपा खो बैठा और उसने गुस्सा होकर कोर्ट रूम के भीतर ही महिला वकील को तमाचा मार दिया। अचानक हुए इस हमले से वकील के बाएं कान और जबड़े में चोट आई है। इसके बाद आरोपी अश्लील गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत स्थिति को संभाला।

ससुराल पक्ष के 4 लोगों पर किया हमला

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह की रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। बहन के अपनी मर्जी से निकाह करने से नाराज दो भाइयों ने ससुराल पक्ष के घर पहुंचकर गाली-गलौज की और बहन के पति, सास ससुर व देवर के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाइयों का तांडव, घर के बाहर बैठ थे तभी हुई घटना

पुलिस के अनुसार, घटना पीली बिल्डिंग क्षेत्र की बीती रात करीब 10:00 बजे की है। फरियादी सलमा पति आबिद हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपने पति आबिद, बेटे अरबाज और रेहान के साथ घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रही थीं।इसी दौरान आरोपी शहनवाज उर्फ शानू और जीशान निवासी गीता नगर अपनी एक्टिवा से वहां पहुंचे। दोनों ने विवाद शुरू करते हुए कहा कि 'तुम लोगों ने हमारी बहन अंजुम को अपने पास क्यों रख रखा है?' इस पर परिजनों ने कहा कि दोनों ने अपनी मर्जी से निकाह किया है। इसी बात पर दोनों आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। मना करने पर आरोपी शहनवाज उर्फ शानू और जीशान ने हमला कर दिया। हमले में अरबाज और रेहान के हाथों में चोट आई, जबकि आबिद के सिर पर गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा। जब सलमा बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उनके पेट में भी घूंसा मार दिया, जिससे उन्हें अंदरूनी चोट आई है। जाते-जाते दोनों आरोपी धमकी दे गए कि यदि बहन को वापस घर नहीं भेजा तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे।

दिनदहाड़े दो फ्लैटों के ताले टूटे

चांदी के आभूषण, मूर्तियां और नकदी समेट ले गए चोर

इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित संचार नगर एक्सटेंशन में सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है। दिन दहाड़े चोरों ने एक ही मल्टी के दो अलग-अलग फ्लैटों के ताले चटकाए और अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, मूर्तियां और हजारों रुपए की नकदी चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रितेश पिता सतीश दीक्षित, निवासी फ्लैट नंबर 201, श्री साईं विला अपार्टमेंट, संचार नगर एक्सटेंशन ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिन में सूने फ्लैटों को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने रितेश और उनके पड़ोसी के फ्लैट के ताले तोड़ दिए। रितेश के फ्लैट से अलमारी के लॉकर में रखे पुराने चांदी के इस्तेमाल बर्तन, एक जोड़ी पुरानी चांदी की पायल, चांदी का कमरबंद, चांदी की लक्ष्मी जी की मूर्ति और करीब 10,000 रुपए नगद चोरी हो गए।

पड़ोसी के फ्लैट से भी हुआ हाथ साफ- घटना के बाद जब पड़ताल की गई, तो पता चला कि उसी मल्टी के पास वाली सुखमणी सूर्यांश मल्टी के फ्लैट नंबर 103 में रेंट से रहने वाले निमेष पाटीदार के फ्लैट को भी चोरों ने निशाना बनाया। वहां से चोर चांदी के दो कड़े, सोने का मंगलसूत्र और करीब 25 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। कनाड़िया पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

एआई के दौर में भी इंदौरियों को अपनी पुरानी दुकानों पर ही भरोसा

पूजा सामग्री से मेवा-मिठाई, बच्चों के कपड़ों से महिलाओं के श्रृंगार तक... त्योहार की खरीदी में अपनत्व और विश्वास आज भी ऑनलाइन सुविधा पर भारी- अक्षय जैन

इंदौर। मोबाइल पर एक क्लिक और सामान घर पहुंचने की सुविधा। एआई के दौर में खरीदारी के तरीके तेजी से बदल रहे हैं, लेकिन दीपावली आते ही इंदौर के पारंपरिक बाजारों की रौनक कुछ और ही कहानी कहती है। पूजा की सामग्री हो या मेवा-मिठाई, बच्चों के नए कपड़े हों या महिलाओं के श्रृंगार का सामान, इंदौरी आज भी अपनी जानी-पहचानी दुकानों पर पहुंचना पसंद करते हैं। वजह सिर्फ सामान नहीं, बल्कि वर्षों से बना भरोसा और दुकानदार का अपनत्व है।

पीढ़ियों से कायम है भरोसे का रिश्ता- इंदौर के कई परिवारों की खरीदारी की पसंद पीढ़ियों से नहीं बदली। दादा जिस दुकान से सामान लेते थे, आज वहां पोते भी पहुंच रहे हैं। दुकानदार को ग्राहक की पसंद पता है और ग्राहक को उसकी गुणवत्ता पर भरोसा। कहीं दुकानदार खुद पसंद का सामान दिखाता है, तो कहीं बजट के मुताबिक विकल्प सुझाता है। यही व्यवहार ग्राहक को दोबारा उसी दुकान तक खींच लाता है।

त्योहार की खरीदी सिर्फ जरूरत नहीं, परंपरा भी- दीपावली पर पूजा सामग्री खरीदने में शुद्धता का भरोसा चाहिए, मिठाई और मेवों में गुणवत्ता की परख जरूरी है। बच्चों के कपड़े लेते समय पसंद और फिटिंग देखनी है, तो महिलाओं के श्रृंगार में रंग, डिजाइन और विकल्प मायने रखते हैं। पारंपरिक बाजारों में ग्राहक सामान देखकर, छूकर और परखकर खरीद सकता है। दुकानदार से सीधे बातचीत और मोलभाव की गुंजाइश भी रहती है।

ऑनलाइन सुविधा है, लेकिन बाजार का अनुभव अलग- ऑनलाइन शॉपिंग में विकल्प और सुविधा हैं, लेकिन त्योहार की खरीदी में बाजार घूमने का आनंद भी कम नहीं। परिवार के साथ खरीदारी, परिचित दुकानदार से मुलाकात, बाजार की चहल-पहल और पसंद का सामान चुनने की संतुष्टि त्योहार की तैयारियों को खास बनाती है। इंदौर की कारोबारी संस्कृति में यह अनुभव आज भी अपनी जगह बनाए हुए है।

भरोसा कायम रहा तो बाजार भी गुलजार रहेंगे- बदलते दौर में पारंपरिक दुकानदारों के लिए ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा बड़ी चुनौती है। ग्राहकों को जोड़े रखने के लिए गुणवत्ता, उचित दाम, अच्छा व्यवहार और नई तकनीक के साथ तालमेल जरूरी है। वहीं, बाजारों में पार्किंग, यातायात और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि खरीदारों को परेशानी न हो। आखिरकार, इंदौर में त्योहार की खरीदी का गणित सिर्फ दाम और डिस्काउंट का नहीं है। यहां दुकानदार का व्यवहार, सामान पर भरोसा और वर्षों पुराना रिश्ता भी मायने रखता है। तकनीक खरीदारी आसान बना सकती है, लेकिन अपनत्व का विकल्प नहीं बन सकती। यही है इंदौरियों का अंदाज खरीदी भी अपनी, दुकानदार भी अपना और भरोसा भी पक्का।

इंदौर की युवती को मिलने बुलाकर चलती कार में सामूहिक हैवानियत

चक्रेश जैन समेत दो पर एफआईआर दर्ज

इंदौर/उज्जैन। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद इंदौर की एक युवती को उज्जैन बुलाकर चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने पांच युवकों पर गैंगरेप, मारपीट और गंभीर यौन हिंसा कारित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नामजद आरोपी चक्रेश जैन और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएसपी श्वेता गुप्ता के अनुसार, पीड़िता की कुछ महीने पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उज्जैन निवासी चक्रेश जैन से पहचान हुई थी। सोमवार शाम करीब 7:00 बजे पीड़िता बस से उज्जैन पहुंची, जहां मेघदूत होटल के पास चक्रेश अपने एक साथी के साथ कार में मिला।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे कार में बैठाकर घुमाते रहे, जिसके बाद चक्रेश के चार अन्य साथी भी कार में सवार हो गए। चलती कार में सभी ने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को इंदौर स्थित अरबिंदो अस्पताल के बाहर फेंककर फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़िता ने अपने भाई को फोन कर जानकारी दी। भाई तुरंत अरबिंदो अस्पताल पहुंचा और पीड़िता को लेकर उज्जैन के नानाखेड़ा थाने आया। पुलिस ने देर रात पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और उसके लिखित आवेदन के आधार पर चक्रेश जैन व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता द्वारा लगाए गए सभी गंभीर आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि युवती चक्रेश जैन को जानती थी, जबकि दूसरे आरोपी को नहीं पहचानती थी, मामले में आगे जांच की जा रही है।

जिला अस्पताल में सफाई के दौरान महिला वार्ड में जबरन घुस रहा था युवक, रोकने पर गार्ड से की मारपीट

इंदौर। जिला अस्पताल में सुबह-सुबह उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर दी। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची चंदन नगर थाना पुलिस ने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है।



घटना अस्पताल के सुरक्षाकर्मी हर्ष के साथ घटी। सुबह के वक्त जब अस्पताल परिसर में सफाई का काम चल रहा था, तभी एक अज्ञात युवक प्रथम तल पर स्थित महिला वार्ड की तरफ जाने लगा। सुरक्षा के लिहाज से जब ऑन-ड्यूटी गार्ड हर्ष ने उसे वहीं रोकते हुए मना किया, तो युवक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। गार्ड ने जब उसे समझाने और रोकने की कोशिश की, तो आरोपी सिरफिरा हाथापाई पर उतर आया और उसने गार्ड की पिटाई कर दी। अस्पताल में हंगामा बढ़ते देख प्रबंधन ने तुरंत चंदन नगर पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले जाकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दिवाली की सफाई का कचरा शहर की सड़कों पर! रात के अंधेरे में बोरियों में भरकर खुले प्लॉटों पर फेंक रहे लोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली पर घरों को चमकाने की तैयारी चल रही है, लेकिन इस सफाई का कचरा शहर की सड़कों, खाली प्लॉटों और खुले क्षेत्रों में फैलाया जा रहा है। घरों की सफाई से निकले कचरे को बोरियों में भरकर रात के अंधेरे में शहर के एकांत इलाकों में फेंका जा रहा है। विडंबना यह है कि जिन लोगों के घरों के आसपास कचरा डालने की जगह नहीं है, वे शहर की सीमा से लगे खुले प्लॉटों को ही ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाने में जुटे हैं। खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से यह प्रवृत्ति बढ़ती नजर आ रही है।

घर चमकाने की सनक में शहर को बना रहे कचराघर, निरंजनपुर मंडी के पीछे और स्कीम-136 में गंदगी के ढेर; निगम की निगरानी और चालानी कार्रवाई पर सवाल

घर से कचरा उठाने की व्यवस्था पर सवाल, खुले प्लॉट बने डंपिंग पॉइंट

ताजा मामला नगर निगम के जोन-7 के अंतर्गत निरंजनपुर सब्जी मंडी के पीछे का है। यहां एक व्यक्ति एक्टिवा पर कचरे से भरी बोरी रखकर पहुंचा और पिंक सिटी कॉलोनी से लगे आईडीए के कमर्शियल प्लॉट के पास फुटपाथ पर कचरा फेंकने लगा। जब उससे पूछा गया कि यहां कचरा क्यों डाल रहे हो, तो उसका जवाब था कि घर के आसपास कचरा फेंकने की जगह नहीं है और कचरा वाहन समय पर नहीं आ रहा। पूछताछ में उसने विजयनगर-देवास नाका क्षेत्र में रहने की बात कही। यानी अपने घर से निकला कचरा खपाने के लिए वह दूसरे इलाके में पहुंच गया।

स्कीम-136 में भी यही हाल खाली प्लॉटों में भर रहे गंदगी

दूसरा मामला स्कीम नंबर-136 के पास का है। यहां खुले प्लॉटों में बोरियों में भरकर कचरा फेंका जा रहा है। बाउंड्रीवॉल से घिरे खाली प्लॉट भी इससे अछूते नहीं हैं। लोग दीवार के भीतर कचरा डालकर आगे बढ़ जाते हैं और पीछे गंदगी का ढेर छोड़ जाते हैं। इससे रहवासी क्षेत्रों के आसपास सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

निगरानी में ढिलाई, कार्रवाई का डर खत्म?

खुले में कचरा फेंकने वालों पर प्रभावी चालानी कार्रवाई नहीं होने और मैदानी स्तर पर निगरानी कमजोर रहने से हालात बिगड़ रहे हैं। लंबे समय से सफाई व्यवस्था में सख्ती की कमी का असर अब खुले प्लॉटों पर दिखाई दे रहा है। सवाल यह है कि जब शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम का अमला तैनात है, तो दूसरे क्षेत्रों से कचरा लाकर खुले में फेंकने वालों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

रोज निकल रहा 1500 टन कचरा, निगम अतिरिक्त वाहन लगाने का दावा कर रहा

नगर निगम के अपर आयुक्त प्रखर सिंह के अनुसार, दीपावली की सफाई के कारण कचरे की मात्रा बढ़ गई है। वर्तमान में शहर से प्रतिदिन करीब 1500 टन गीला और सूखा कचरा निकल रहा है। इसमें लगभग 700 से 800 टन सूखा और 600 से 700 टन गीला कचरा शामिल है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कचरा वाहन लगाकर सफाई करवाई जा रही है। खुले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के साथ ही खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

महिला मित्र के फ्लैट में संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

शरीर पर चोट के निशान, जांच में जुटी पुलिस

इंदौर। गांधी नगर क्षेत्र में सोमवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में युवक का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान निर्मल राजपूत निवासी छोटा बांगड़दा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, निर्मल कमल रेसीडेंसी स्थित अपनी महिला मित्र के फ्लैट पर उससे मिलने पहुंचा था। देर रात महिला ने पड़ोसियों को अपने कमरे में शव पड़े होने की जानकारी दी, जिसके बाद पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।शुरुआती जांच में सामने आया है कि निर्मल परिसर में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में महिला के फ्लैट की तरफ पीछे के रास्ते से दाखिल होता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार उक्त महिला अपने पति से अलग रहती है, वहीं मृतक निर्मल के परिवार में उसकी पत्नी और बेटी हैं। निर्मल के शरीर पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। गांधी नगर पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा, फिलहाल हर पहलू पर जांच जारी है।

भारतीय कबड्डी टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

नई दिल्ली। अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पहली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में सोमवार को भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीमों ने नाइजीरिया को हराकर शानदार जीत दर्ज की। महिला टीम ने 38-10 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की, जबकि पुरुष टीम ने इसके बाद 50-23 से जीत दर्ज की। यह चैंपियनशिप में दोनों टीमों की चौथी जीत रही। भारतीय महिला टीम ने नाइजीरिया को 38-10 से हराकर दबदबे के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। टीम ने शुरुआत से ही मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा और हाफ टाइम तक 24-6 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद दूसरे हाफ में भी उसी लय को बरकरार रखते हुए शेष 14 अंक जुटाए।

मेसी, यमाल और एमबाप्पे को पीछे छोड़ हैरी केन ने जीता बैलन डी ऑर अवार्ड

नई दिल्ली। विश्व फुटबॉल के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार बैलन डी'ऑर की शाम इस बार इंग्लैंड और उनके स्टार स्ट्राइकर हैरी केन के नाम रही। लंदन में आयोजित एक भव्य समारोह में बायर्न म्यूनिख के इस तूफानी फॉरवर्ड को साल का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया। माइकल ओवेन (2001) के बाद इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाले केन पिछले 25 सालों में पहले ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। इस रेस में उन्होंने लामिन यमाल, किलियन एमबाप्पे और लियोनेल मेसी जैसे दुनिया के दिग्गज दावेदारों को पीछे छोड़ दिया।

शानदार रहा हैरी केन का प्रदर्शन-पिछला सीजन हैरी केन के करियर का सबसे सुनहरा दौर साबित हुआ। बायर्न म्यूनिख और अपनी टीम इंग्लैंड के लिए खेलते हुए उन्होंने मैदान पर गोलों की बरसात कर दी और कुल 73 गोल दागे। जर्मन फुटबॉल में अपनी धाक



जमाते हुए उन्होंने बायर्न को बुंडेसलीगा और जर्मन कप का डबल खिताब जिताया। जर्मन कप के फाइनल मुकाबले में स्टटगार्ट के खिलाफ उनके द्वारा दागी गई शानदार हैट्रिक ने बायर्न की खिताबी जीत पर मुहर लगा दी थी।

वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल तक पहुंचे- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी केन का जादू सिर चढ़कर बोला। अपनी कप्तानी में इंग्लैंड को विश्व कप के सेमीफाइनल तक ले जाने वाले केन टूर्नामेंट में 6 गोल ठोककर छा गए। इसके साथ ही उन्होंने महान फुटबॉलर गैरी लिनेकर को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप इतिहास में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। हालांकि, इंग्लिश टीम का सफर सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के हाथों समाप्त हुआ और टीम तीसरे स्थान पर रही लेकिन केन की व्यक्तिगत उपलब्धि ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा।

पुरस्कार ग्रहण करते हुए केन बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने संघर्ष भरे दिनों को याद करते हुए कहा कि उनका यहां तक पहुंचने का रास्ता कभी आसान नहीं था और आज सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए उन्हें हर कदम पर खुद से लड़ना पड़ा है। बैलन डी'ऑर की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर इस समारोह का आयोजन पहली बार लंदन में किया गया था ताकि 1956 में पहला बैलन डी'ऑर जीतने वाले इंग्लैंड के ही महान खिलाड़ी स्टेनली मैथ्यूज को सम्मान दिया जा सके।

न्यूज इन बॉक्स

नेशनल महू सहित चार टीमों ने दर्ज की शानदार जीत



इंदौर। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। सभी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। इंदौर जिला फुटबॉल संघ के सचिव नीरज शर्मा एवं जिला प्रभारी राकेश सिरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में टीमों ने अगले दौर में प्रवेश के लिए दमदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में नैशनल फुटबॉल क्लब, महू ने रॉयल फुटबॉल क्लब, महू को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में यूथ फुटबॉल क्लब, इंदौर ने 40इ फुटबॉल क्लब को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में स्पोर्टिंग यूनियन फुटबॉल क्लब एवं स्टार आदिवासी फुटबॉल क्लब, इंदौर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 से बराबर रहा। टाईब्रेकर में स्टार आदिवासी फुटबॉल क्लब ने 2-0 से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।

एक रन से हारा झारखंड तो बीसीसीआई से की शिकायत

नई दिल्ली। एक रन से अगर कोई टीम मैच हार जाए तो बहुत दुख होता है, मगर दुख और ज्यादा तब होता है जब वह मैच अधिकारियों की गलती की वजह से इतने कम अंतर से हारे। ऐसा ही एक किस्सा झारखंड वर्सेस उत्तराखंड विमेंस अंडर-19 टूर्नामेंट मैच से सामने आया है। स्कोरर की एक गलती की वजह से झारखंड को मैच में 1 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिस वजह से उनका सफर वहीं समाप्त हो गया। इस मामले को आगे बढ़ाते हुए अब झारखंड क्रिकेट बोर्ड ने इसकी शिकायत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई से की है। अब देखना होगा कि बीसीसीआई इस पर क्या फैसला लेता है।

सूर्यवंशी को एक और मौका भुवी पर भी रहेंगी नजरें

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय टीम भले ही क्राइस्टचर्च में लगातार दो मुकाबले जीतकर 2-0 से आगे चल रही हो, लेकिन टीम के प्रदर्शन में अभी भी कुछ खामियां साफ नजर आ रही हैं। शीर्ष क्रम के कुछ बल्लेबाजों की आउट-ऑफ-फॉर्म बल्लेबाजी और हालिया रणनीतिक बदलावों ने टीम मैनेजमेंट की चिंताएं बढ़ा दी हैं। तीसरे टी-20 से पहले सबसे बड़ा मुद्दा युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी के बैटिंग ऑर्डर और भारतीय प्लेइंग इलेवन के संयोजन को लेकर बना हुआ है।



दूसरे मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को उनके प्राकृतिक ओपनिंग स्लॉट से हटाकर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था जहां वह महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अपनी स्वाभाविक लय खो चुके वैभव की इस असफलता के बाद टीम मैनेजमेंट के फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि आईपीएल में तीसरे नंबर पर खेलने का अनुभव रखने वाले संजू सैमसन की जगह एक युवा खिलाड़ी के बल्लेबाजी क्रम से छेड़छाड़ करना गलत फैसला साबित हुआ।

इस बीच, चोट से उबर रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन की वापसी को लेकर भी स्थिति साफ हो गई है। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने पुष्टि की है कि ईशान तीसरे टी-20 में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ईशान की अनुपस्थिति से अब भारतीय टीम के पास ऊपरी क्रम को लेकर बेहद सीमित विकल्प बचे हैं।

तीसरे मैच में भारतीय टीम वैभव सूर्यवंशी को दोबारा अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग में भेज सकती है और संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। एशियन गेम्स में वैभव और अभिषेक की जोड़ी ने ओपनिंग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। बिना किसी दबाव के पारी की शुरुआत करना वैभव के मौजूदा लय को वापस पाने का सबसे बेहतर जरिया हो सकता है। वहीं, ऑलराउंडर्स के सेक्शन में अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने अब तक गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिससे इस विभाग में किसी बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आती।

गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो चार साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। शुरुआती दो मुकाबलों में उन्होंने 99 रन लुटाए हैं जो भारत के लिए चिंता का विषय है। हालांकि टीम मैनेजमेंट उन्हें फॉर्म हासिल करने के लिए लगातार तीसरा मौका देने के मूड में नजर आ रहा है।

तीसरे टी20 के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन:

वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, नमन धीर, नीतीश कुमार रेड्डी, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

नाइजीरिया ने जीती सब-रीजनल अफ्रीका क्वालीफायर ट्रॉफी

नई दिल्ली। अबूजा में आयोजित आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप सब-रीजनल अफ्रीका क्वालीफायर सी में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाइजीरिया और युगांडा ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर दोनों टीमों ने 2027 में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अफ्रीका रीजनल फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। यह रीजनल फाइनल मुकाबला आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2028 के लिए क्वालीफिकेशन की राह तय करेगा। नाइजीरिया और युगांडा के क्वालीफाई करने के साथ ही अफ्रीका रीजनल फाइनल की सभी 6 टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। महाद्वीप के पहले दो सब-रीजनल क्वालीफायर्स से तंजानिया, घाना, रवांडा और केन्या पहले ही जगह बना चुके थे। मेजबान नाइजीरिया ने अपने घर पर दबदबा बनाते हुए सभी 5 मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि युगांडा 4 जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग इनामी शतरंज स्पर्धा

इंदौर। ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एकदिवसीय डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग इनामी शतरंज स्पर्धा का आयोजन 15 नवंबर रविवार को इंदौर पब्लिक स्कूल, मैन कैम्पस राऊ, इंदौर में किया जा रहा है। आयोजन सचिव अनिल फतेहचंदानी एवं पीयूष जमींदार ने जानकारी दी कि स्पर्धा के विजेताओं को 1,50,000 नगद राशि, ट्रॉफी एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, सीनियर एवं वेटरन (55 वर्ष से अधिक) वर्गों में पुरस्कार दिए जाएंगे। स्पर्धा संचालक डॉ. सुनील सोमानी एवं शैलेन्द्र पाबले ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेली जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियां 9 नवंबर तक 52, कंचन बाग, संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी में भेज सकते हैं।

इंदौर की खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन, जीता खिताब

इंदौर। ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर.17 बालिका वर्ग बास्केटबॉल टूर्नामेंट में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में एमरल्ड हाइट्स ने यादवेंद्र पब्लिक स्कूलए मोहाली को 64-50 अंकों से पराजित किया। संघर्ष पूर्ण मुक़ाबले में दोनों टीमों का खेल सरहनीय रहा। मैच देख रहे स्कूल के बच्चों में आखिरी समय तक मैच में रोमांच बना रहा।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में एमरल्ड हाइट्स की पावनी दुबे और यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की अवंतिका सिंह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं।



दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और शानदार 3.पॉइंट शॉट लगाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम समय तक एक - एक अंक के लिए संघर्ष करती रहीं। तीसरे क्वार्टर में स्कोर 45-45 से बराबर रहा।

मैच के चौथे क्वार्टर के आखरी दो मिनट में एमरल्ड हाइट्स के कोच ने टाइम आउट लेकर खिलाड़ियों को रणनीति में बदलाव करने के निर्देश दिए। इसके बाद पावनी दुबे ने दो 3.पॉइंट शॉट लगाए जबकि प्राची गोयल ने एक 3.पॉइंट शॉट लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई । एमरल्ड हाइट्स की ओर से पावनी दुबे ने 31 अंकए रोली पांड्या ने 15 अंक और प्राची गोयल ने 12 अंक बनाए । वहीं ऋषिता और नव्या ने 3-3 अंक अर्जित किए । दूसरी ओर यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की अवंतिका सिंह ने 29 अंक जसमीत कौर ने 11 अंक और मेहरीन ने 10 अंक बनाये। व द लॉरेंस स्कुल सनार ने द संस्कार वैली स्कूल भोपाल को 21-10 से हरा कर तिसरे स्थन प्राप्त किया।

बम फटने से घायल की इलाज के दौरान मौत

सेना की फायरिंग रेंज में लकड़ी बीनने गया था जंगल में पीड़ित तभी हुई थी घटना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित सेना की बेरछा फायरिंग रेंज में लकड़ी बीनने के दौरान हुए बम विस्फोट में गंभीर रूप से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई है। हादसे में कमर और पीठ में गंभीर छर्रे लगे थे, जिसके बाद उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल रैफर किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, मृतक हजारीलाल पिता उमराव सिंह गिरवाल (55) निवासी कैलोद कुटी है। यह दुर्घटना बड़गोंदा क्षेत्र स्थित सेना की बेरछा फायरिंग रेंज के जंगल में हुई थी। हजारीलाल प्रतिबंधित फायरिंग रेंज के जंगल में लकड़ी बीनने गए थे, तभी वहां संभवतः किसी मिस फायर बम की चपेट में आने से जोरदार विस्फोट हो गया था। हादसे में उनकी कमर और पीठ में गंभीर छर्रे धंस गए थे। घायल अवस्था में उन्होंने खुद परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी थी, जिसके बाद उन्हें पहले महू के मध्यभारत अस्पताल और फिर हालत नाजुक होने पर इंदौर एमवाय अस्पताल रैफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। बड़गोंदा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

प्लॉट से लोहे के पाइप चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

इंदौर। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, फरियादी सचिन पिता लक्ष्मण पंवार, निवासी साहू नगर, एयरपोर्ट रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब उन्होंने पलहर नगर स्थित अपने प्लॉट पर जाकर देखा, तो वहां रखे 08 लोहे के पाइप गायब थे। आसपास तलाश करने पर जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो एक संदिग्ध व्यक्ति उनके प्लॉट से पाइप चुराकर ले जाते हुए साफ नजर आया। एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से मजदूर की मौत

इंदौर। सांवेर थाना क्षेत्र में सोमवार रात सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। रामा फॉस्फेट फैक्ट्री के सामने सड़क पार कर रहे मजदूर को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।



पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जगदीश सेन निवासी 12 मील के रूप में हुई है, जो रामा फॉस्फेट फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बीती रात वे रोज की तरह काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इस दौरान कुछ सामान खरीदने के लिए सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। परिजन शव को सांवेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

सिर पर दे मारी कांच की बोतल

घर के बाहर झगड़ा करने से मना किया तो बौखलाया आरोपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में बीच-बचाव करना और घर के बाहर विवाद करने से रोकना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आपस में झगड़ रहे दो युवकों ने टोकने पर फरियादी के साथ ही गाली-गलौज शुरू कर दी और सिर पर कांच की बोतल मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना जवाहर टेकरी इलाके की बीती रात की है। फरियादी भगवान पिता रतन वसुनिया, निवासी जवाहर टेकरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर के सामने रहने वाले दिनेश और संदीप बैरागी आपस में विवाद कर रहे थे। जब फरियादी ने दोनों को टोकते हुए कहा कि 'यहां घर के बाहर झगड़ा मत करो', तो दोनों उग्र हो गए और उन्हें गालियां देने लगे।जब फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी दिनेश ने वहीं पड़ी कांच की बोतल उठाकर भगवान के सिर पर दे मारी। हमले में फरियादी के सिर में गहरी चोट आई और खून निकलने लगा। वारदात के बाद आरोपी दिनेश और संदीप बैरागी जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि आइंदा हमारे बीच में कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे।

कार के कांच फोड़ने वाले के प्रमाण पुलिस को सौंपे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मथियास पिता मार्शल केलवा निवासी अरण्य नगर ने लसूड़िया थाना प्रभारी को वीडियो फुटेज के प्रमाण के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार के कांच फोड़ने की शिकायत दर्ज कराई। गाड़ी के कांच फूटने के मामले में 10 हजार राशि क्षति की शिकायत की गई। मारुति स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 09 डब्ल्यूएम 8151 के आगे-पीछे के कांच खड़ी गाड़ी के फोड़े गए। साथ में मकान की खिड़की के कांच भी फोड़े गए, शिकायत में यह भी लिखा कि इस तरह की घटना से उनके परिवार के अलावा रहवासियों में भी असुरक्षा का वातावरण है।



शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान विवाद में घर पर हमला

पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कई धाराओं में मामला किया दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश और विवाद के चलते घर पर हमला करने का मामला सामने आया है। शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने पीड़ित के घर पहुंचकर गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना तिल्लोर खुर्द इलाके की है। फरियादी राकेश पिता कैलाश पाटीदार, निवासी तिल्लोर खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तिल्लोर खुर्द स्थित पाटीदार धर्मशाला अम्बामाता चौक पर शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा था।महोत्सव के दौरान आरोपी शिवम पिता कन्हैया पटेल शराब के नशे में वहां आया और आशीष पिता श्यामलाल के साथ विवाद करने लगा। दोनों के बीच झुमाझटकी हुई और उसने कमल भंडारी के साथ भी गाली-गलौज की, जिसके बाद ग्रामीणों ने शिवम को समझा-बुझाकर वहां से रवाना कर दिया था। इसी रंजिश के चलते बीती शाम सभी आरोपी शिवम, गोकुल, तिलक पिता भरत पटेल, कन्हैया पिता बाबूलाल पटेल और भरत पिता उमरावसिंह पटेल, सभी निवासी तिल्लोर खुर्द एक ग्रैंड विटारा कार एमपी 09 झेडएल 6447 से फरियादी के घर पर आ धमके।जब राकेश ने घर का दरवाजा खोला, तो उनके साथ कमल, निर्मल और कैलाश भंडारी भी मौजूद थे। आरोपी आते ही गालियां देने लगे। जब फरियादी ने विरोध किया, तो सभी ने मिलकर हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए कमल भंडारी के साथ आरोपियों ने मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने युवराज, अनुज, शिवम और मोहित भी पहुंचे। जाते-जाते सभी आरोपी धमकी देकर गए कि आज तो बच गए हो, लेकिन किसी दिन जान से खत्म कर देंगे।





आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ की कार्रवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आबकारी विभाग ने कल अलग-अलग जगह अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। अवैध शराब संग्रहण, विक्रय को लेकर महाकाल ढाबा, माँ भगवती रेस्टारेंट और ढाबा, ठाकुर श्री ढाबा, बाबा ढाबा, जय माँ काली ढाबा पर जांच की गई। 65 बोतल देशी और विदेशी शराब भी जब्त की गई। प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग ने हाईवे पर संदिग्ध ट्रक और कंटेनर की जांच भी की। राऊ से लेकर मानपुर तक के ढाबों पर कार्रवाई की। आबकारी विभाग ने देपालपुर ने सांवेर और देपालपुर में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया, अवैध ठीकानों पर दबिश दी, शराब जब्त कर 6 प्रकरण यहां भी बनाए। गांव पर चौपाल लगाकर जागरूक भी किया गया। कार्रवाई में धर्मेन्द्र जोशी, जय मुजालदे, राजेश वट्टी और वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन रहा।

मोबाइल हैक कर व्यापारी के खाते से उड़ाए रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमजी रोड थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के दो गंभीर मामले सामने आए हैं। शातिर ठगों ने एक व्यापारी का मोबाइल हैक कर और दूसरे मामले में व्हाट्सएप पर फर्जी एपीके फाइल भेजकर खाता खाली कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना आड़ा बाजार होलकर मार्केट के रहने वाले व्यापारी मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद इशरार, जो 'फरिन बैंगल्स' चलाते हैं के साथ हुई। पीड़ित का ओप्पो ए-78 मोबाइल है, जिसकी जियो सिम उनके इंडसइंड बैंक खाते से लिंक है। 15 अक्टूबर को उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया। व्यापारिक लेन-देन से जुड़े बैंक खाते का जब उन्होंने करीब 2 घंटे बाद स्टेटमेंट चेक किया, तो होश उड़ गए। खाते से यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए 98,000 रुपए निकलकर सीधे जुबेर पासा नाम के व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर हो चुके थे।

गैस बिल अपडेट का झांसा देकर एपीके फाइल से उड़ाई रकम

दूसरी घटना प्रीमियम पैराडाइज, स्नेहलतागंज निवासी सचिन पिता दिनेश चंद्र गर्ग के साथ हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके व्हाट्सएप पर अवंतिका गैस का बिल भरने के नाम पर एक बिल अपडेट' की एपीके फाइल की लिंक आई थी।जैसे ही उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ ही पलों में कॉसमॉस बैंक के उनके खाते से ओटीपी आए और देखते ही देखते 24 अक्टूबर को दोपहर 3:13 बजे 49,500 रुपए और 3:15 बजे 48,000 रुपए यानी कुल 97,500 रुपए पेटीएम के जरिए अज्ञात खातों में ट्रांसफर हो गए। एमजी रोड पुलिस ने दोनों मामलों में आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पैसों के ट्रेल और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।